**केन्द्रीय विद्यालय,एन.डी.ए.,पुणे-23**

**अर्द्धवार्षिक परीक्षा [2018-19]**

**विषय - हिन्दी**

**पूर्णांक:- 80 - कक्षा - नवमी अवधि - 3घंटे**

निर्देश :* इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं-क,ख,गऔर घ |

सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है और यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

**खंड - क ( अपठित बोध** ) प्र.1-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मन की शक्ति वैसे तो प्रकृति के देन है, परंतु फिर भी इसका बहुत कुछ निर्माण माता पिता और स्वयं पर निर्भर करता है। शैशवावस्था में शिशुओं को उच्च चरित्र एवं साहस की कहानियाँ सुनकर उसे निर्भीक, सच्चरित्र व्यक्ति के रूप में ढाला जा सकता है। बाह्य वातावरण का प्रभाव भीबालक के मन पर पड़ता है। हमें ऐसा वातावरण प्रस्तुत करना चाहिए जिससे बालक का मन सशक्त बन सके।कई परिस्थितियाँ मनुष्य को झुकने के लिए विवश कर देती हैं। विपरीत परिस्थितियों में बड़े से बड़े व्यक्ति भी साहस खो बैठते हैं। लक्ष्मण को मूर्छित होते देखकर राम घबरा गए। बच्चों को भूख से बिलखते देख कर राणा प्रताप तक ने साहस खो दिया था, परंतु वे शीघ्र ही इस पर काबू पा गए। अतः महापुरुष कहलवाए। मन के हारने के पीछे विपत्ति और भय की आशंका होती है। मनुष्य स्वभाव से शान्तिप्रिय तथा सूखेच्छुहोता है। निरंतर संघर्षों को झेलने से उसका मन हर्णे लगता है। शरीर कष्टों को तब तक सहता है जब तक उसकी मानसिक शक्ति स्थिर रहती है। शारीरिक एवं मानसिक रोग उसे जकड़ लेते हैं।

मन को सदैव आशावान बनाए रखना चाहिए। 'किंग ब्रूस एंड स्पाइडर' की कहानी हमें बताती है कि मकड़ी अनेक बार असफल होने पर भी अंततः ऊपर चढ़ने में भी सफल हो जाती है।

1. मन के निर्माण में किस किसका सहयोग होता है? 1
2. शिशुओं को किस तरह निर्भीक, सच्चरित्र व्यक्ति के रूप में ढाला जा सकता है? 1
3. बालक को निर्भीक एवं सच्चरित्र कैसे बनाया जा सकता है? 2
4. . 'किंग ब्रूस एंड स्पाइडर' की कहानी क्या शिक्षा देती है? 2
5. राणा प्रताप महापुरुष क्यों कहलाए ? 2

प्रश्न 2-निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"युग-युग तक चलती रहे कठोर कहानी"
रघुकुल में थी एक अभागिन रानी
निज जन्म-जन्म में सुने जीव यह मेरा-
धिक्कार! उसे था महास्वार्थ ने घेरा
"सौ बार धन्य वह एक लाल की माई,
जिस जननी ने जना भरत-सा भाई।"

पागल-सी प्रभु सभा के साथ चिल्लाई

"सौ बार धन्य वह एक लाल की माई।"

1. रघुकुल में यह अभागिनी रानी कौन सी थी 1
2. 'पागल-सी प्रभु के साथ' में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है? 1
3. 'जननी' शब्द का पर्यायवाची दो पर्यायवाची शब्द लिखिए | 2
4. किस जननी ने भरत सा भाई जना? उसे क्या स्वार्थ घेर रखा था ? 2

4. धिक्कार उसे था.................... पंक्ति में कौन-सा भाव प्रकट हो रहा है? 2

## खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्र.3- निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - 1x8=8

क) 'सज्जन' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और मूल शब्द लिजिए |.

ख) 'वि' उपसर्ग से एक शब्द बनाइए . |

ग)'अभिमानी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय और मूल शब्द लिखिए .|

घ) 'इत' प्रत्यय से एक शब्द बनाइए .|

ड़) ' दार'प्रत्यय से एक शब्द बनाइए |

ii) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए -

क) प्रतिदिन ख)गंगा - यमुना ग)महाराजा

प्र.4- अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों को पहचान कर उनके भेद लिखिए|1x5=5

क) अच्छा! आप भी गाना गाएँगे

ख)आपके घर पर कल कौन आया था ?

ग)तुम सदा सत्य बोलो |

ii) निम्लिखित वाक्यों को निर्देशनुसार वद्लिए

क) रमा पाँचवी कक्षा में पढ़ती है .(विस्मयादिवाचक)

ख) मै बाहर चला जाऊं . (संदेहवाचक)

प्र.5- निम्नलिखित पदयांश में प्रयुक्त अलंकारो की पहचान कर उनके नाम लिखिए .1x4=4

क) हनुमान की पूँछ में , लगन न पाई आग .

लंका नगरी जल गई , गए निशाचर भाग .

ख) विमल वाणी ने वीणा ली ।

ग)तीन बेर खाती थीं वे तीन बेर खाती है ।

घ)नीलकमल से सुंदर नयन ।

**(खण्ड ग)**

प्रश्न न06- पठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–1+2+2=5

कानपुर में भीषण हत्याकांड करने के बाद अंग्रेजों का सैनिक दल बिठूर की ओर गया । बिठूर में नाना साहब का राजमहल लूट लिया गया; पर उसमें बहुत थोड़ी संपत्ति अंग्रेजों के हाथ लगी। इसके बाद अंग्रेजों ने तोप के गोलो से नाना साहब का महल भस्म कर देने का निश्चय किया। सैनिक दल ने जब वहाँ तोपें लगायीं, उस समय महल के बरामदे में एक अत्यंत सुंदरी बालिका आकर खड़ी हो गई । उसे देखकर अंग्रेज़ सेनापति को बड़ा आश्चर्य हुआ;क्योंकि महल लूटने के समय वह बालिका वहाँ कंही दिखाई न दी थी ।

(क) कानपुर में भीषण हत्याकांड करने के बाद अंग्रेजों का सैनिक दल बिठूर की ओर क्यों गया ?

(ख) बिठूरमहल लूटने के बाद अंग्रेजों ने क्या किया और क्यों ?

(ग) सैनिक दल कन्या को महल में देखकर आश्चर्यचकित क्यों रह गया ?

प्रश्न न07– निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–2x 4=8

क) कहानी में बैलों के माध्यम से कौन कौन से नीति विषयक मूल्य उभरकर आए हैं ?

ख) किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया ?

ग) किन घटनाओं से पता चलता है की हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी?

घ) अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

प्रश्न न. 8-पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

मोको कहाँ ढूँढे बंदे मैं तो तेरे पास में।

ना मैं देवल, ना मैं मस्ज़िद, ना काबे कैलाश में।

ना तो कौने क्रियाकर्म में , नाही योग वैराग में।

खोजी होय तो तुरते मिलिहौं,पल भर की तालास में।

कहैं कबीर सुनो भाई साधो, सब स्वाँसों की साँस में ।

(१) पाठ तथा कवि का नाम लिखिए। 1

(२) कवि के अनुसार ईश्वर कहाँ हैं और कैसे मिल सकते हैं ? 2

(३) लोग ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढते फिरते है ? 2

प्रश्न न09– निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2x5=10

क) इस संसार में सच्चा संत कौन कहलाता है?

ख) बंद द्वार की साँकल खोलने के लिए ललद्यद ने क्या उपाय सुझाए हैं?

ग) ब्रज भूमि के प्रति कवि का प्रेम किन-किन रूपों में व्यक्त हुआ है?

घ) किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है ?

ङ) गाँव को 'मरकत के डिब्बे सा खुला' क्यों कहाँ गया है

प्रश्न न010 - 'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है'–इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए। 5

**(खण्ड घ)**

प्रश्न न0 11-दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार परकिसी एक विषय पर 250 शब्दों का निबंध लिखिए - 10

क) व्यायाम

-प्रस्तावना

-प्रकार उपयोगिता

-शारीरिक विकास

-उपसंहार

ख) हमारा प्यारा भारतवर्ष

- प्रस्तावना

-मातृभूमि प्रेम

-गौरवपूर्ण इतिहास

-उपसंहार

प्रश्न न012- सड़कों की मरम्मत के लिए अपने क्षेत्र के यातायात अधिकारी को एक पत्र लिखिए। 5

**'अथवा'**

विदेश यात्रा पर जाने वाले मित्र को उसकी मंगलमय-यात्रा की कामना करते हुए पत्र लिखिए।-

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------